# नगरीय प्रशासन निदेशालय के निदेशक विजया जाधव ने किया बड़की सरैया नगर पंचायत का औचक निरीक्षण,

## त्रुटियों को दूर कर योजनाओं के संचालन के लिए दिए सख्त निर्देश।

## नगर विकास विभाग के अधिकारी ने किया सरैया नगर पंचायत कार्यालय का निरीक्षण

**संवाद सहयोगी, सरिया (गिरिडीह):** गुरुवार को झारखंड सरकार के नगर विकास, आवास एवं नगरीय प्रशासन निदेशालय की निदेशक विजया जाधव ने बड़की सरैया नगर पंचायत कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पंचायत क्षेत्र में चल रही प्रधानमंत्री आवास योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना, प्रधानमंत्री स्व निधि व मुख्यमंत्री श्रमिक योजना की समीक्षा की। कई योजनाओं में कुछ गड़बड़ी देखकर वह नाराज दिखीं एवं जल्द ही शत प्रतिशत योजनाओं को धरातल पर उतारने का सख्त निर्देश दिया। दो टूक कहा कि योजनाओं में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



सरिया शहरी नगर विकास विभाग के निदेशक विजया जाधव को बुके देकर स्वागत करते बड़की सरिया नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी रमेश चंद्र तिवारी • जागरण

अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के तहत बैंकों से कैंप लगवाकर लाभुकों को इस योजना का लाभ दिलाएं। जो लाभुक इस योजना का लाभ लेकर बैंकों के लोन की अदायगी नहीं कर रहे है, उन्हें जागरूक कर उनके खाते को सही करने का निर्देश दिया गया।

मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत श्रमिकों के दस्तावेजों की जांच कर मिलनेवाले लाभ के उद्देश्यों से अवगत करा अधिक से अधिक संख्या में लोगों को जोड़ने की अपील की गई।

दीनदयाल अंत्योदय योजना एवं शहरी आजीविका मिशन योजना के तहत अधिक से अधिक स्वयंसेवी संगठनों को तैयार करने, स्वरोजगार के लिए बैंकों से ऋण उपलब्ध करवाने, छोटे छोटे लघु उद्योग को बढ़ावा देने के लिए स्वयं सहायता समूह का गठन करने एवं जरूरतमंद व गरीबों को स्थल निरीक्षण कर व भौतिक सत्यापन कर शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना का योग्य लाभुकों को लाभ दिलाने का भी निर्देश दिया।

मौके पर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी रमेशचंद्र तिवारी, राज्य मिशन प्रबंधक दिनेश त्रिवेदी, नगर प्रबंधक विशाल सिन्हा, नगर मिशन प्रबंधक सुमीत घोष ,देवेंद्र कुमार, नवीन कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

### धनवार नगर पंचायत में 129 आवासों की मिली स्वीकृति

संस, खोरीमहुआ (गिरिडीह): धनवार नगर पंचायत में वि
जायजा लेने गुरुवार
प्रशासन निदेशालय
निदेशक योगेंद्र प्रस
विशेषज्ञ मीतू भारती
कुमार, बीडीओ स्
पदाधिकारी रामगोप
प्रधानमंत्री आवास
दीनदयाल अंत्योदय
आजीविका मिशन
की। प्रसाद ने कहा
पंचायत में 129 आ
मिली है। उक्त लाभु
सप्ताह के अंदर आ
करना है। इसे लेक
भ्रमण किया गया।
कई आवास के लाभ
आवास निर्माण का
देखा गया कि कुछ
प्रारंभ कर दिया है।
सप्ताह के अंदर नी
प्रारंभ कर गुणवत्ता
निर्देश दिया गया।
एक सप्ताह के अंद
जियो टैगिंग करने

## नगर विकास विभाग की निदेशक ने की पीएम आवास की समीक्षा

भास्कर न्यूज | सरिया

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग झारखण्ड रांची के निदेशक विजया जाधव गुरुवार को सरिया पहुंची। जहां उन्होंने बड़की सरिया नगरपंचायत कार्यालय में अधिकारियों संग बैठक की। बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), शहरी दीनदयाल योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एवं मुख्यमंत्री श्रमिक योजना की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी योजनाओं का क्रमवार रुप से निरीक्षण करते हुए, उसमें हुई त्रुटियों को दूर करने का निर्देश दिया।



दौरा करते निदेशक व कार्यपालक पदाधिकारी तथा सिटी मनेजर

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत बैंकों से लाभुकों को शिविर के माध्यम से जल्द से जल्द ऋण दिलाने की बात कही। साथ ही जिन लाभुकों द्वारा ऋण वापस नहीं किया जा रहा है, उसे प्रोत्साहित कर ऋण वापस करवाने का भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री श्रमिक योजना में सभी दस्तावेजों की जांच की गयी और श्रमिकों को मिलने वाली सभी सरकारी योजनाओं की जानकारी देने की बात कही। इसके साथ ही दीनदयाल, अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में लक्ष्य के अनुरुप स्वयं सहायता समूह का गठन करने, समूह को रिवॉल्विंग फंड दिलाने, स्वरोजगार हेतु ऋण दिलाने एवं एरिया लेबल फेडरेशन बनाने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री आवास के तहत स्थल का निरीक्षण किया गया एवं समय पर आवास निर्माण करने का आदेश दिया गया। बैठक में राज्य मिशन प्रबंधक कुमारवम, आवास योजना विशेषज्ञ दिनेश त्रिवेदी, कार्यपालक पदाधिकारी आरएस तिवारी, नगर प्रबंधक विशाल सिन्हा, सुमित घोष, देवेंद्र कुमार, नवीन कुमार आदि मौजूद थे।

## निदेशक ने की योजनाओं की समीक्षा

**गिरिडीह.** नगरीय प्रशासन रांची की निदेशक विजया जाधव ने गुरुवार को बड़की सरैया नगर पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, दीनदयाल अंत्योदय, राष्ट्रीय शहरी आजीविका, प्रधानमंत्री स्वनिधि व मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के प्रगति की समीक्षा की. योजनाओं का निरीक्षण करते हुए त्रुटियों का निराकरण कराते हुए जल्द ऋण दिलाने का निर्देश दिया. ऋण वापसी के लिए लाभुकों को प्रोत्साहित करने की बात कही. निदेशक ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत लाभुकों को शिविर के माध्यम से ऋण दिलाने, दीनदयाल अंत्योदय योजना तथा राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में लक्ष्य के अनुसार स्वयं सहायता समूह का गठन करने, समूह को रिवाल्विंग फंड दिलाने, स्वरोजगार के लिए ऋण दिलाने व एरिया लेबल फेडरेशन बनाने का निर्देश दिया. उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना का स्थल का निरीक्षण किया और समय पर निर्माण पूरा कराने की बात कही. बड़की सरैया की बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी रमेश चंद्र तिवारी, राज्य मिशन प्रबंधक कुमार बम, विशेषज्ञ दिनेश कुमार त्रिवेदी, नगर प्रबंधक विशाल सिन्हा, नगर मिशन प्रबंधक सुमित घोष, देवेंद्र कुमार व नवीन कुमार मौजूद थे.



बैठक करती नगरीय प्रशासन की निदेशक.

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA